डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

प्रेस विज्ञप्ति

साहित्य अकादेमी द्वारा साहित्य मंच कार्यक्रम का आयोजन

पाँच पंजाबी रचनाकारों का रचना–पाठ संपन्न।

नई दिल्ली। 18 जुलाई 2018। साहित्य अकादेमी ने आज साहित्य मंच के अंतर्गत पाँच पंजाबी रचनाकारों की रचनाओं का पाठ आयोजित किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में बलविंदर सिंह बरार ने भूकम्प शीर्षक से अपनी कहानी का पाठ किया। एक अंधी वृद्ध दादी के ईद–गिर्द बुनी गई इस मनोवैज्ञानिक कहानी में लेखक ने रिश्तों के बीच आती हुई दूरी को बड़ी ही संवेदना के साथ प्रकट किया। यह जानते हुए भी कि उसका पोता उसके साथ धोखा कर रहा है, वह चुप रह जाती है क्योंकि उसको पता है उसकी देखभाल करने वाला एकमात्र वो ही है। प्रख्यात पंजाबी कथाकार नक्षत्र ने 'रेत में नहाती चिड़ियाँ' शीर्षक से अपनी कहानी प्रस्तुत की। इस कहानी में एक पिता का लड़की के प्रति बदलता नजरिया गहरी शिद्त के साथ प्रस्तुत किया गया। कहानी का अंत बहुत ही प्रभावी था। युवा कवियों गगनदीप शर्मा, कुलवीर एवं कुलदीप कौर ने अपनी कविताएँ एवं ग़ज़लों का पाठ किया। सभी रचनाएँ वर्तमान परिदृश्य को बखूबी प्रस्तुत करने वाली थी। कार्यक्रम के अंत में पंजाबी परामर्श मंडल की संयोजिका डॉ. वनीता ने सभी रचनाकारों की रचनाओं पर संक्षिप्त टिप्पणी प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन संपादक अनुपम तिवारी ने किया।

(के. श्रीनिवासराव)

रवीन्द्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone : +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax : +91-11-2338 2428
E-Mail : secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website : http//www.sahitya-akademi.gov.in